दिनांक : 12.06.2025 समय : 07.10AM

**प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रात:कालीन समाचार**

मुख्य समाचार :-

- अंतरराष्ट्रीय मत्स्य प्रौद्योगिकी एक्सपो का शुभारंभ आज मुंबई में होगा।
- निराश्रित गौवंश के लिये प्रदेश में कामधेनु निवास के नाम से स्वावलंबी गौशालाएं बनेंगी।
- प्रदेश में आठ नये वर्किंग वुमेन हॉस्टल की स्थापना होगी।
- विश्व टेस्ट क्रिकेट चैंपियशिप फाइनल में आस्ट्रेलिया 212 रनों पर सिमटी।

अब समाचार विस्तार सेः-

**अंतर्राष्ट्रीय मत्स्य प्रौद्योगिकी एक्सपो 2025**

देश की पहली अंतर्राष्ट्रीय मत्स्य प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी - आईएफटी एक्सपो 2025 आज मुंबई में शुरू होगी। दो दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन महाराष्ट्र के बंदरगाह विकास मंत्री नितेश नारायण राणे करेंगे। इसमें मत्स्य विभाग में संयुक्त सचिव सागर मेहरा मुख्य अतिथि होंगे।

यह एक्सपो ऐसे समय में आयोजित किया जा रहा है, जब मत्स्य पालन क्षेत्र को केंद्रीय बजट 2025-26 में रिकॉर्ड 2,703 करोड़ रुपये का आवंटन प्राप्त हुआ है। प्रमुख बुनियादी ढांचे और स्थायित्व सुधारों के साथ-साथ नई निर्यात नीतियों से भारत के मत्स्य पालन को अर्थव्यवस्था के एक सच्चे उभरते क्षेत्र में बदल दिया जा रहा है।

आईएफटी एक्सपो 2025 में मछली पकड़ने और समुद्री खाद्य प्रसंस्करण से लेकर लॉजिस्टिक्स, कोल्ड चेन समाधान, पैकेजिंग और स्वच्छता प्रौद्योगिकियों में एआई तक पूरे मत्स्य पालन प्रणाली में नवाचारों को प्रदर्शित किया जाएगा। इसका उद्देश्य देश भर में मत्स्य पालन और जलकृषि में सतत विकास को समर्थन देने के लिए नवाचार और सहयोग को बढ़ावा देना है।

**मत्स्य संपदा योजना-इंदौर**

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत भोपाल के पास हलाली में मध्यप्रदेश का पहला रिजर्वायर फिशरीज़ प्रोडक्शन एंड प्रोसेसिंग क्लस्टर बनाया जाएगा। इसका उद्घाटन कल इंदौर से होगा। केन्द्रीय मछुआ पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह राष्ट्रीय इनलैंड फिशरीज़ एवं एक्वाकल्चर बैठक में इसका उद्घाटन करेंगे। देश में पीएम मत्स्य संपदा योजना में इस तरह के 17 क्लस्टरों की पहचान केन्द्र सरकार ने की है जो उन क्षेत्रों की मत्स्य पालन की विशेषताओं के आधार पर विकसित किये जा रहे हैं। इस तरह की बैठक देश में पहली बार इंदौर में हो रही है। बैठक का उद्देश्य उन इनलैंड राज्यों में मत्स्य उत्पादन बढ़ाना है, जिनकी सीमाएं समुद्र से नहीं जुड़ती हैं। इस बैठक में सिर्फ उन राज्यों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं जो समुद्र से मत्स्य उत्पादन गतिविधियाँ नहीं करते हैं। इसमें देश के 20 राज्यों के मत्स्य पालन मंत्री शामिल होंगे।

**'विकसित कृषि संकल्प अभियान'**

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के अंतर्गत दिल्ली के किसानों के साथ बातचीत की। उन्होंने सब्सिडी से लेकर आपूर्ति-श्रृंखला तक किसानों की समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि सरकार खेती के लिए नई तकनीक विकसित करने के वास्ते किसानों और वैज्ञानिकों के साथ आगे भी बैठकें करेगी। कृषि मंत्री ने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान जमीनी स्तर पर किसानों की समस्याओं और चुनौतियों को समझने में मदद करेगा। आज 12 जून को इस अभियान का समापन है, लेकिन ये नई शुरुआत है...

**स्वावलंबी गौशाला-प्रदेश**

प्रदेश सरकार द्वारा निराश्रित गौवंश की आश्रय समस्या के निराकरण के लिए स्थाई समाधान निकाला गया है। अब प्रदेश में कामधेनु निवास (स्वावलंबी गौशाला) स्थापित होगी, जहां बड़ी संख्या में गौवंश की देखभाल की जाएगी। इसके लिए सरकार द्वारा ‘‘मध्यप्रदेश राज्य में स्वावलंबी गौशालाएं (कामधेनु निवास) स्थापना की नीति 2025‘‘ को स्वीकृति भी प्रदान कर दी गई है।

गौशालाओं में न्यूनतम 5000 गौवंश का पालन अनिवार्य होगा। इनमें से 30 प्रतिशत गौवंश उन्नत दुधारू नस्ल का हो सकता है। सरकार द्वारा अधिकतम 125 एकड़ शासकीय भूमि के उपयोग के अधिकार गौशाला संचालकों को दिए जाएंगे। इन गौशालाओं में 5000 से अधिक गौवंश होने पर प्रति 1000 गौवंश पर 25 एकड़ अतिरिक्त शासकीय भूमि दी जा सकेगी। पशुपालन एवं डेयरी विभाग लैंड बैंक तैयार करेगा।
सरकार 11 साल

भारत ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक तक उल्लेखनीय परिवर्तन किया है। आकाशवाणी समाचार आपके लिए पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष फीचर लेकर आया है। आज, हम भारत के परिवहन बुनियादी ढांचे के परिवर्तन पर ध्यान केंद्रित करते

**वर्किंग वुमेन हॉस्टल**

भारत सरकार की स्कीम फॉर स्पेशल असिस्टेंट ऑफ स्टेटस फॉर कैपिटल इन्वेस्टमेंट 2024-25 के अंतर्गत प्रदेश में 8 वर्किंग वूमेन हॉस्टल की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस योजना अंतर्गत महिला बाल विकास विभाग द्वारा 4 वर्किंग वूमेन हॉस्टल और शेष 4 हॉस्टल औद्योगिक नीति निवेश प्रोत्साहन विभाग द्वारा बनाये जायेंगे।

महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने बताया कि महिला बाल विकास विभाग द्वारा देवास, नर्मदापुरम और सिंगरौली में 100 सीटर तथा झाबुआ में 50 सीटर हॉस्टल, उज्जैन में 1554 सीटर, धार में 1776, रायसेन 776 और भिण्ड में 666 सीटर हॉस्टल का निर्माण किया जायेगा।
केंद्र-खाद्य तेल

कच्चे खाद्य तेल पर सीमा-शुल्क को 20 से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया गया है। इनमें सूरजमुखी, सोयाबीन और ताड़ के तेल भी शामिल हैं। इससे कच्चे तेल और रिफाइंड तेल पर आयात शुल्क का अंतर आठ दशमलव सात-पांच प्रतिशत से 19 दशमलव दो-पांच प्रतिशत के बीच रह गया है।

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा कि सीमा-शुल्क में कमी का उद्देश्य खाद्य तेलों की खुदरा कीमतों को कम करना है।

**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस**

प्रदेश में सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन 21 जून को जिला, विकासखण्ड एवं पंचायत स्तर पर किया जायेगा। इन कार्यक्रमों में समस्त शैक्षणिक सस्थानों के विद्यार्थी शामिल होंगे। साथ ही योग संस्थानों, एन.सी.सी., एन.एस. एस., पुलिसकर्मियों, विभिन्न प्रशिक्षण संस्थान, शासकीय सेवकों, स्वयंसेवी संगठन, वाणिज्यिक एवं औद्योगिक संगठन सहित आम नागरिकों की सामूहिक योग कार्यक्रम में भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी।
केन्द्र सरकार द्वारा इस वर्ष अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की निर्धारित थीम ’’एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग’’ रखी गई है।

**क्रिकेट - डब्ल्यूटीसी फाइनल**

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के आज दूसरे दिन दक्षिण अफ्रीका की टीम अपनी पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ़ चार विकेट पर 43 रन से आगे खेलेगी। लंदन में चल रहे मुकाबले में पहले दिन ऑस्ट्रेलिया की टीम महज 212 रन पर सिमट गई। दक्षिण अफ्रीका के लिए कैगिसो रबाडा ने पांच और मार्को जेनसन ने तीन विकेट लिए।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- रीवा जिले में 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय में सुबह 10 बजे से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है।
- उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष विभाग मंत्री इंदर सिंह परमार आज आगरमालवा जिले के प्रवास पर स्थानीयकार्यक्रम में भाग लेंगे
- खंडवा जिले के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्री नीलकंठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के 16 विद्यार्थियों ने आईआईटी दिल्ली की फिनटेक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस परीक्षा में उत्कृष्ट अंक हासिल किए है।
- रतलाम जिले में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा के संकल्प से सिद्धि तक अभियान के तहत आज प्रोफेशनलस मीट को महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया संबंधित करेगी।
- गुना कलेक्टर ने सीमांकन के प्रकरणों का अभियान चलाकर निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।
- श्योपुर जिले में एडिप योजना अंतर्गत कल कराहल में आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनो को सहायक उपकरण प्रदान किये गये।
- रीवा, आगरमालवा, शाजापुर और मऊगंज जिले के सभी विकासखण्डों में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत लगातार शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों में कृषि विभाग के अधिकारी और कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक किसानों को उन्नत खेती का मंत्र दे रहे हैं।

------------